कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
**AISHE CODE :- C- 49170**
www.svgovtcollegejobi.in E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में शुरू हुआ एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर – शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय जोबीबर्रा के स्वयंसेवकों ने किया शुभारंभ-

बरगढ़ (रायगढ़), 17 फरवरी 2026
शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में मंगलवार से सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ।

प्राचार्य रवींद्र थवाईत के निर्देशन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस. पी. दर्शन के मार्गदर्शन में अत्यंत उत्साहपूर्ण माहौल में इस शिविर का शुभारंभ किया गया।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला मंत्री श्री महेश साहू, गिरधर गुप्ता, राजेंद्र पालू राठौर, नारायण पटेल, प्राचार्या श्रीमती एम. गबेल तथा ग्राम पंचायत की सरपंच गुड्डी बाई ने शिरकत की। कार्यक्रम में ग्रामवासी, हाईस्कूल, मिडिल तथा प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उद्घाटन सत्र में अतिथियों ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए सामाजिक जिम्मेदारी, अनुशासन, टीमवर्क तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एनएसएस शिविर न केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम है, बल्कि समाज सेवा के माध्यम से देश के उज्ज्वल भविष्य में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता, स्वच्छता, वृक्षारोपण एवं सामुदायिक विकास से जुड़े कार्यक्रमों में सक्रिय भाग लेंगे।




एस. पी. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी

गुड्डी बाई -
सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं. -खरसिया
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. Co
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का दूसरा दिन: -
## प्रभात फेरी, सफाई अभियान और स्वामी विवेकानंद पर विशेष व्याख्यान

बरगढ़ (रायगढ़), 18 फरवरी 2026
शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरा दिन उत्साहपूर्ण रहा।

सुबह प्रभात फेरी के साथ शुरू हुआ दिन, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम के विभिन्न गली-मुहल्लों में जागरूकता फैलाई। इसके पश्चात परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम बरगढ़ के गलियों एवं मुहल्लों की व्यापक सफाई अभियान चलाया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश मजबूत हुआ।

दोपहर सत्र में भारतीय समाज के प्रमुख माध्यमिक गुरु स्वामी विवेकानंद के जीवन, विचारों एवं आदर्शों पर केंद्रित विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। स्वामी विवेकानंद के विचारों ने सदैव युवाओं को प्रेरित किया है। उनके प्रसिद्ध उद्घोष "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया।

प्राचार्य रवींद्र कुमार थवाईत की अध्यक्षता में आयोजित इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य महोदय स्वयं उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री रामनारायण जांगड़े अति. व्याख्याता (जोबी) उपस्थित रहे।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र पाल दर्शन ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय, उनके सिद्धांतों तथा "उठिष्ठ जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधयत" के संदेश पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने युवाओं को आध्यात्मिकता, आत्मविश्वास, अनुशासन और लक्ष्य प्राप्ति तक निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी।

इसके अलावा नशे के दुष्प्रभावों, नशे से बचाव के उपायों तथा योग, ध्यान एवं संगीत के महत्व पर भी जोर दिया गया। व्याख्यान के दौरान सभी ने राजकीय कारणों हेतु दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया।
शिविर के दौरान स्वयंसेवक ग्रामवासियों के साथ मिलकर सामाजिक जागरूकता, स्वच्छता एवं विकास कार्यों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। एनएसएस इकाई के प्रयासों से युवा शक्ति में राष्ट्र सेवा की भावना मजबूत हो रही है।
\







सु. पा. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी-बर्रा विकासखण्ड - खरसिया
(छ.ग.)

गुड्डीबाई
सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं.-खरसिया
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist - Raigarh (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in
E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का तीसरा दिन: योगाभ्यास, सफाई अभियान और एनएसएस की विशेषताओं पर गहन चर्चा

बरगढ़ (रायगढ़), 19 फरवरी 2026

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का तीसरा दिन भी उत्साह और सक्रियता से भरा रहा।

सुबह 5:00 बजे से प्रातः 11:00 बजे तक स्वयंसेवक विभिन्न गतिविधियों में जुटे रहे। प्रभातकालीन परिचय सत्र के बाद परियोजना कार्य के अंतर्गत ग्राम की गलियों, नालों और बाड़ों की साफ-सफाई की गई। विशेष रूप से बाड़ में बांस लगाकर बाड़बंदी मजबूत की गई, ताकि अनधिकृत तत्वों का प्रवेश रोका जा सके और क्षेत्र सुरक्षित तथा स्वच्छ बने।

स्नान एवं भोजन के बाद दोपहर 2:00 बजे से बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. जे. एम. महापात्रा (सहायक प्राध्यापक, आयुर्वेदिक औषधालय), विशिष्ट अतिथि डॉ. श्वेता कुम्भज (सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र), ,गोविंद राठिया तथा श्री रामनारायण जांगड़े उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एस. पी. दर्शन सहित अन्य शिक्षकगण भी मौजूद थे।

बौद्धिक सत्र में एनएसएस की विशेषताओं और महत्व पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। डॉ. महापात्रा ने एनएसएस डायरी के प्रमुख बिंदुओं को पढ़कर स्वयंसेवकों को समझाया कि एनएसएस के माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत छात्र अनोखे अंदाज में समाज सेवा में लगे हैं। उन्होंने बताया कि एनएसएस के दैनिक कार्यक्रमों में समय-सारिणी का सख्ती से पालन करते हुए प्रतिवर्ष कम से कम 120 घंटे श्रमदान अनिवार्य है।

इसके बाद एस. पी. दर्शन ने संस्कृत के "योग" शब्द के गहन अर्थ पर चर्चा की। उन्होंने पतंजलि से लेकर बाबा रामदेव तक योग की ऐतिहासिक यात्रा पर जानकारी दी तथा विभिन्न आसनों का व्यावहारिक अभ्यास कराया। कपालभाती, भुजंगासन और शवासन जैसे प्राणायाम एवं आसनों का प्रदर्शन किया गया, जिससे स्वयंसेवकों में स्वास्थ्य एवं ऊर्जा का संचार हुआ।

उद्बोधन में शिविरार्थियों से अपील की गई कि वे इस सात दिवसीय शिविर को मात्र एक कार्यक्रम न मानें, बल्कि इसे जीवन का हिस्सा बनाएं। उपवास, भक्ति, अनुशासन की भावना अपनाएं तथा नशामुक्ति जैसे सामाजिक मुद्दों पर निरंतर सक्रिय रहें। सायंकालीन सत्र में क्रीड़ा प्रतियोगिता, रात्रि भोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर दिन का समापन किया गया। शिविर के माध्यम से युवा स्वयंसेवक ग्राम स्तर पर स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, योग-ध्यान तथा सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान दे रहे हैं, जिससे स्थानीय स्तर पर सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है।






ग्राम पंचायत बरगढ़
सि.खं.
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in
E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का चौथा दिन:
## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पर विशेष बौद्धिक सत्र और जागरूकता कार्यक्रम

बरगढ़ (रायगढ़), 20 फरवरी 2026
शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन नारी सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा पर केंद्रित रहा।

सुबह प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें स्वयंसेवकों ने ग्राम में जागरूकता फैलाई। सुबह नाश्ते के पश्चात परियोजना कार्य के अंतर्गत हाईस्कूल बरगढ़ के प्रांगण में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद भोजन एवं विश्राम के उपरांत दोपहर 2:00 बजे से बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया।

इस सत्र में शासकीय हाईस्कूल बरगढ़ की प्रधानाचार्या गबेल मैडम, तम्बोली मैडम, डॉ.ज्ञानमणि एक्का (सहा. प्राध्यापक प्राणीशास्त्र), रेवती राठिया मैडम, किशोर साहू सर, हितेश घृतलहरे (लैब टेक्नीशियन) सहित अन्य शिक्षिकाओं एवं शिक्षकों ने "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" थीम पर अपने विचार व्यक्त किए।

स्वयंसेविका बबीता राठिया ने स्वामी विवेकानंद जी के विचारों के आधार पर बेटी बचाओ पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। यामिनी राठिया ने भी बालिका सुरक्षा एवं शिक्षा पर अपने विचार रखे। मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक साहू, दीनबंधु जयसवाल, सरिता सिदार मैडम, ज्योति पटेल मैडम आदि ने नारी सशक्तिकरण, बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं समाज में उनकी समान भागीदारी पर सुंदर व्याख्यान दिए।

कार्यक्रम में संगीतमय प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिन्होंने उपस्थित स्वयंसेवकों, छात्राओं एवं ग्रामीणों में गहन प्रभाव छोड़ा। अतिथियों ने जोर दिया कि भारत सरकार की "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना बालिकाओं के अस्तित्व, सुरक्षा, शिक्षा एवं सशक्तिकरण को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। स्वामी विवेकानंद के विचारों का हवाला देते हुए कहा गया कि महिलाओं की शिक्षा से ही समाज का सच्चा उत्थान संभव है।

शिविर के इस दिन ने युवा स्वयंसेवकों में बालिका शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण की भावना को और मजबूत किया। एनएसएस इकाई के प्रयासों से ग्राम स्तर पर जागरूकता फैल रही है।




ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं.-खरसिया
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
...hid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in
E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का पांचवां दिन: स्वास्थ्य, शिक्षा और चरित्र निर्माण पर व्याख्यान, योगाभ्यास एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम

बरगढ़ (रायगढ़), 20 फरवरी 2026
शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन स्वास्थ्य, शिक्षा, चरित्र निर्माण एवं पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित रहा। सुबह प्रभात फेरी के बाद योगाभ्यास सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न आसनों का अभ्यास किया। इसके पश्चात परियोजना कार्य के अंतर्गत मां वैष्णो देवी मंदिर परिसर(हल्दा) एवं आसपास के क्षेत्र में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। भोजन एवं विश्राम के उपरांत दोपहर 2:00 बजे से बौद्धिक कार्यक्रम शुरू हुआ।

इस सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शहीद कुमार पटेल की कार्यक्रम समन्वयक डॉ रविंद्र कौर चौबे, भोजराम पटेल (जिला संगठक), तथा बर्रा स्वास्थ्य केंद्र के प्रमुख डॉ. मनोज त्रिपाठी की गरिमामयी उपस्थिति रही। व्याख्यानमाला में अतिथियों ने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। डॉ. मनोज त्रिपाठी ने स्वास्थ्य रक्षा के नियमों, नियमित व्यायाम, संतुलित आहार एवं विहार पर विस्तृत व्याख्यान दिया। भोजराम पटेल ने एनएसएस के उद्देश्यों, चरित्र निर्माण एवं राष्ट्र सेवा की भावना पर जोर दिया। उन्होंने "हम होंगे कामयाब" गीत के माध्यम से युवाओं में उत्साह जगाया तथा चरित्र निर्माण में एनएसएस की भूमिका पर प्रकाश डाला।

शिविर प्रभारी सुरेंद्र पाल दर्शन ने शिक्षा, स्वास्थ्य, तंबाकू मुक्ति, साइबर सुरक्षा के नियमों तथा मोबाइल के सही उपयोग पर व्याख्यान दिया। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इन नियमों का पालन कर स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन जिएं।

बौद्धिक परिचर्चा के समाप्ति के पश्चात सायंकालीन सत्र में चाय-नाश्ते के बाद सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं। स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें गीत, नृत्य एवं नाटक शामिल थे, जिसने सभी को आकर्षित किया। शिविर के माध्यम से युवा स्वयंसेवक ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य जागरूकता, सफाई, योग एवं सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे स्थानीय समुदाय में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।



सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं.–खरसिया
जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. C...
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G.)

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in
E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का छठा दिन:
## डिजिटल साक्षरता, गांधीजी के जीवनदर्शन और मेरे सपनों का भारत पर केंद्रित बौद्धिक सत्र

बरगढ़ (रायगढ़), 22 फरवरी 2026

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में संचालित सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन युवाओं के डिजिटल सशक्तिकरण, गांधीजी के जीवनदर्शन एवं 'मेरे सपनों का भारत' की अवधारणा पर केंद्रित रहा।

सुबह प्रभात फेरी,पी.टी. और योगाभ्यास के साथ दिन की शुरुआत हुई। नाश्ते के पश्चात परियोजना कार्य के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बरगढ़ के प्रांगण एवं परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्कूल परिसर की साफ-सफाई से न केवल स्वच्छता का संदेश फैला, बल्कि छात्रों में अनुशासन एवं जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत हुई।

दोपहर 12 बजे भोजन के बाद 2:00 बजे से बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र का मुख्य विषय रहा - "मेरे सपनों का भारत के लिए युवा, डिजिटल साक्षरता एवं गांधीजी के जीवनदर्शन"।

एनएसएस स्वयंसेवक प्रिया राठिया, रागिनी राठिया, फाल्गुनी सखा, प्रवीण झरिया, गीता महंत तथा गनेशी खड़िया ने अपने विचार प्रस्तुत किए। स्वयंसेवकों ने डिजिटल साक्षरता के महत्व, सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग, गांधीजी के अहिंसा, सत्याग्रह एवं स्वदेशी के सिद्धांतों तथा युवाओं द्वारा सपनों का भारत बनाने में योगदान पर प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि श्री पी.एल. अनंत एवं श्री एल.आर. लास्कर ने "मेरे सपनों का भारत" तथा महात्मा गांधी के जीवनदर्शन पर गहन विचार व्यक्त किए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे गांधीजी के सिद्धांतों को अपनाकर डिजिटल युग में भी नैतिकता, अनुशासन एवं सेवा भावना को बनाए रखें।

शाम 8 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक, प्रहसन, गीत-संगीत एवं अन्य रंगारंग प्रस्तुतियां दीं, जिनमें सामाजिक संदेश, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का महत्व एवं गांधीजी के विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम ने उपस्थित सभी को प्रेरित किया।

शिविर के छठे दिन ने युवा स्वयंसेवकों में डिजिटल जागरूकता, गांधीवादी मूल्यों एवं राष्ट्र निर्माण की भावना को और सशक्त किया। अंतिम दिन के कार्यक्रमों की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है।





सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं. ...
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Go...
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh

कार्यालय, प्राचार्य शहीद वीर नारायण सिंह
शास.महाविद्यालय जोबी–बर्रा, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
AISHE CODE :- C- 49170
www.svgovtcollegejobi.in E-mail:-- govtcollegejobi@gmail.com

## बरगढ़ में एनएसएस शिविर का समापन:
## सात दिवसीय विशेष शिविर में सामाजिक जागरूकता और चरित्र निर्माण पर जोर

बरगढ़ (रायगढ़), 25 फरवरी 2026
शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम बरगढ़ के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का सप्तम एवं समापन दिवस भव्य रूप से संपन्न हुआ। सुबह नाश्ते की व्यवस्था सभी ग्रुपों के स्वयंसेवकों ने मिलकर की, जिसमें उन्होंने सामूहिक रूप से भोजन तैयार किया। यह गतिविधि टीमवर्क, सहयोग एवं सामुदायिक भावना को मजबूत करने का उत्कृष्ट उदाहरण बनी।

भोजन के पश्चात समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष, शिखा रविंद्र ग़बेल जी, श्री हितेश ग़बेल (उपाध्यक्ष, जनपद पंचायत खरसिया), सरपंच श्रीमती , भूपेंद्र वर्मा, महामंत्री (भाजपा जिला कार्यसमिति), श्री ओम प्रकाश राठौर (महामंत्री) ।, श्री मस्तराम (महामंत्री), श्री बजरंग सिंह, श्री पितांबर दास मंहत, श्री आलोक शर्मा, श्री नारायण पटेल (अध्यक्ष, शाला विकास समिति), श्री अभिषेक अग्रवाल, श्रीमती पी. बेल (प्राचार्य, हाईस्कूल बरगढ़), श्री छेदूराम राठिया (मंडल अध्यक्ष, जोबी), पंकज राठिया (आदिवासी मोर्चा अध्यक्ष), मनमोहन राठिया, श्री दीनबंधु जयसवाल, (सं.शि मिडिल स्कूल) सहित कई गणमान्य अतिथि गरिमामयी उपस्थिति में शामिल हुए।

समापन सत्र में मुख्य अतिथि श्री रविंद्र जी ग़बेल जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए परीक्षा एवं प्रतियोगिताओं की तैयारी में मेहनत करने तथा कठिन परिस्थितियों में भी प्रेरित रहने का आह्वान किया। श्री हितेश ग़बेल जी ने छात्रों को सभी प्रकार के नशों से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने की सीख दी।अतिथियों ने शिविरार्थियों की सात दिनों की मेहनत, योगाभ्यास, बौद्धिक चर्चा, परियोजना कार्य एवं सामाजिक गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी, सांस्कृतिक चेतना, नशा मुक्ति एवं राष्ट्र सेवा की भावना विकसित करते हैं।

शिविर प्रभारी एस. पी. दर्शन ने सात दिनों के दौरान हुए योग अभ्यास, बौद्धिक परिचर्चा, सफाई अभियान, स्वास्थ्य जागरूकता, डिजिटल साक्षरता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, गांधीजी के जीवनदर्शन एवं अन्य गतिविधियों का पुनरावलोकन प्रस्तुत किया।

समापन समारोह में रंगोली प्रतियोगिता, गीत-संगीत प्रस्तुतियां, स्थानीय लोक नृत्य एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रमों ने वातावरण को उत्साहपूर्ण बनाया। कार्यक्रम में देशभक्ति, सामाजिक सहयोग, नशा मुक्ति एवं चरित्र निर्माण की झलक साफ दिखाई दी। अंत में कार्यक्रम प्रभारी एस. पी. दर्शन के मार्गदर्शन में सभी स्वयंसेवकों, अतिथियों एवं ग्रामीणों ने मिलकर शिविर को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस शिविर ने युवाओं में सेवा भावना एवं सामाजिक जागरूकता को नई ऊर्जा प्रदान की है।




(एस. पी. दर्शन)
कार्यक्रम अधिकारी
रा. से. यो. शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी-बर्रा, विकासखण्ड खरसिया

सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं.-खरसिया
जिला रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. C
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.

चरित्रवान युवाओं पर ही निर्भर देश की प्रगति - डॉ रविंद्र कौर चौबे

# बरगढ़ में चल रहा जोबी कॉलेज का रासेयो विशेष शिविर





बरमार/रायगढ़। युवा शक्ति ही किसी राष्ट्र के उत्थान का प्रमुख कारण है और चरित्रवान युवाओं से ही देश की पहचान होती है और विकसित भारत का लक्ष्य युवाओं के कंधों पर ही निर्भर है। उक्त बातें राष्ट्रीय सेवा योजना जोबी बर्रा शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय के विशेष शिविर में नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर रविंद्र कौर चौबे ने कही।

श्रीमती चौबे ने गीत के माध्यम से भी युवाओं में देशभक्ति जगाई। विदित हो कि उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध शहीद वीरनारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कार्यक्रम समन्वयक डॉ रविंद्र कौर चौबे के निर्देशन और विश्वविद्यालय के प्राचार्य रविंद्र थवाईत के मार्गदर्शन में दिनांक 17 फरवरी से 23 फरवरी तक शासकीय स्कूल क्षेत्र बरगढ़ में 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' पर आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र पाल दर्शन के मार्गदर्शन में लगभग 50 युवा छात्र छात्राओं की सहभागिता के साथ किया गया है। इसी कड़ी में शिविर के [illegible]

[illegible]

### नशामुक्त समाज के निर्माण मे नौजवानो की भूमिका अहम- भोजराम

[illegible]

इस अवसर पर डॉ मनोज त्रिपाठी, पी एस सिदार और श्रीमती रानू चंद्रा के साथ सभी युवा स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

# बरगढ़ में "नशामुक्त समाज के लिए युवा" संकल्प के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरू

आज की जनधारा। बालकराम पटेल



रायगढ़। ग्राम बरगढ़ स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें "नशामुक्त समाज के लिए युवा" विषय के साथ जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। यह शिविर 17 से 23 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है, जिसका संचालन शहीद वीरनारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी द्वारा किया जा रहा है।

उद्घाटन सत्र में क्षेत्र के छाया विधायक महेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से समाज को बचाने के लिए आगे आने और जनजागरण अभियान चलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और जागरूक युवा ही स्वस्थ समाज की नींव रख सकते हैं। शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवकों को सामाजिक सेवा, स्वच्छता, जनजागरूकता रैली, ग्राम संपर्क और नशा मुक्ति संदेश से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, स्वयंसेवक, छात्र-छात्राएं और ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन को सामाजिक चेतना और युवा नेतृत्व विकसित करने की महत्वपूर्ण पहल बताया गया।

# शासकीय महाविद्यालय जोबी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

जनकर्म दूत



रायगढ़। शहीद नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा जिला रायगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का इस वर्ष भी भव्य शुभारंभ हुआ। यह शिविर 23 फरवरी 2026 तक शासकीय हाई स्कूल बरगढ़, तहसील खरसिया में आयोजित किया जा रहा है। इस बार शिविर की थीम 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' रखी गई है।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी श्री महेश साहू मुख्य अतिथि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत ने की, साथ ही शिविर के संयोजक के रूप में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक सुरेंद्र पाल दर्शन ने मार्गदर्शन प्रदान किया। पहले ही दिन से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह प्रभात फेरी से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने गांव की साफ-सफाई में योगदान दिया। मध्याह्न भोजन के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें नशा मुक्त समाज विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्राचार्य श्री थवाईत ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने शराब, गांजा, चरस, अफीम, तंबाकू, गुटखा, गुल और सिगरेट, बीड़ी और अन्य ड्रग मादक पदार्थों से कोसों दूर रहने की सलाह दी। इधर, संयोजक श्री सुरेंद्र पाल दर्शन ने पहले शिविर आयोजन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डाला। नशा छोड़ने के उपाय बतलाते हुए कहा कि यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले और चिकित्सकीय परामर्श व मनोवैज्ञानिक उपचार के साथ-साथ विटामिन सी युक्त आहार अपनाए, और प्रयास करते रहें, तो नशे की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है। अतिथि महेश साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में नशा मुक्ति की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्रों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की अपील की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सन्ध्या के समय नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में सहायक प्राध्यापक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी श्री वासुदेव प्रसाद पटेल की अगुआई में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सच्चे मन से संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि पहले दिन से ही यह कार्यक्रम उत्साह, जागरूकता और संकल्प से परिपूर्ण रहा।

# जोबी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

रायगढ़। शहीद नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का इस वर्ष भी भव्य शुभारंभ हुआ। यह शिविर 23 फरवरी तक शासकीय हाई स्कूल बरगढ़, तहसील खरसिया में आयोजित किया जा रहा है। इस बार शिविर की थीम 'नशा मुक्त समाज के लिए युवा' रखी गई है।

शिविर के उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी महेश साहू मुख्य अतिथि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत ने की, साथ ही शिविर के संयोजक के रूप में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री सुरेंद्र पाल दर्शन ने मार्गदर्शन प्रदान किया। पहले ही दिन से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह प्रभात फेरी से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने गांव की साफ-सफाई में योगदान दिया। मध्याह्न भोजन के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें नशा मुक्त समाज विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्राचार्य श्री थवाईत ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने शराब, गांजा, चरस, अफीम, तंबाकू, गुड़ाखू, गुल और सिगरेट, बीड़ी और अन्य ड्रग मादक पदार्थों से कोसों दूर रहने की सलाह दी। इधर, संयोजक सुरेंद्र पाल दर्शन ने पहले शिविर आयोजन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डाला। नशा छोड़ने के उपाय बतलाते हुए कहा कि यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले और



चिकित्सकीय परामर्श व मनोवैज्ञानिक उपचार के साथ-साथ विटामिन सी युक्त आहार अपनाए, और प्रयास करते रहें, तो नशे की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।

अतिथि महेश साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में नशा मुक्ति की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्रों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की अपील की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सन्ध्या के समय नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में सहायक प्राध्यापक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव प्रसाद पटेल की अगुआई में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सच्चे मन से संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि पहले दिन से ही यह कार्यक्रम उत्साह, जागरूकता और संकल्प से परिपूर्ण रहा। इस शिविर के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई, बल्कि नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषय पर ठोस पहल भी की गई। पूरे कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से अतिथि व्याख्याता राम नारायण जागड़े, आदित्य राज गुप्ता एवं मुख्य लिपिक पीएल अनन्त व प्रयोगशाला तकनीशियन एलआर लास्कर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शासकीय महाविद्यालय जोबी में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

रायगढ़। शहीद नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय, जोबी-बर्रा जिला रायगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का इस वर्ष भी भव्य शुभारंभ हुआ। यह शिविर 23 फरवरी 2026 तक शासकीय हाई स्कूल बरगढ़, तहसील खरसिया में आयोजित किया जा रहा है। इस बार शिविर की थीम -नशा मुक्त समाज के लिए युवा- रखी गई है।



शिविर के उद्घाटन अवसर पर समाजसेवी श्री महेश साहू मुख्य अतिथि एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य श्री रविंद्र कुमार थवाईत ने की, साथ ही शिविर के संयोजक के रूप में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक श्री सुरेंद्र पाल दर्शन ने मार्गदर्शन प्रदान किया। पहले ही दिन से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सुबह प्रभात फेरी से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद विद्यार्थियों ने गांव की साफ-सफाई में योगदान दिया। मध्याह्न भोजन के पश्चात संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसमें नशा मुक्त समाज विषय पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान प्राचार्य श्री थवाईत ने विद्यार्थियों को नशे की लत से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में बताया। उन्होंने शराब, गांजा, चरस, अफीम, तंबाकू, गुड़ाखू, गुल और सिगरेट, बीड़ी और अन्य ड्रग मादक पदार्थों से कोसों दूर रहने की सलाह दी। इधर, संयोजक श्री सुरेंद्र पाल दर्शन ने पहले शिविर आयोजन के उद्देश्य और महत्ता पर प्रकाश डाला। नशा छोड़ने के उपाय बतलाते हुए कहा कि यदि व्यक्ति दृढ़ संकल्प ले और चिकित्सकीय परामर्श व मनोवैज्ञानिक उपचार के साथ-साथ विटामिन सी युक्त आहार अपनाए, और प्रयास करते रहें, तो नशे की आदत से छुटकारा पाया जा सकता है।

अतिथि श्री महेश साहू ने युवाओं को संबोधित करते हुए उन्हें समाज में नशा मुक्ति की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। नशा मुक्ति केंद्रों के बारे में बताते हुए विद्यार्थियों से स्वयं नशा न करने और दूसरों को भी इससे दूर रखने की अपील की। इसके बाद विद्यार्थियों ने सन्ध्या के समय नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अंत में सहायक प्राध्यापक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारी श्री वासुदेव प्रसाद पटेल की अगुआई में सभी ने नशा मुक्त समाज के निर्माण हेतु सच्चे मन से संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि पहले दिन से ही यह कार्यक्रम उत्साह, जागरूकता और संकल्प से परिपूर्ण रहा। इस शिविर के माध्यम से न केवल विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत हुई, बल्कि नशा मुक्ति जैसे गंभीर विषय पर ठोस पहल भी की गई। पूरे कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से अतिथि व्याख्याता श्री राम नारायण जागड़े, श्री आदित्य राज गुप्ता एवं मुख्य लिपिक श्री पीएल अनन्त व प्रयोगशाला तकनीशियन श्री एलआर लास्कर सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist.- Raigarh (C.G)
वि.खं.-खरसिया
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)



## जोबी कॉलेज एनएसएस शिविर में नशा मुक्ति और जागरूकता की ओर बढ़ा कदम

रायगढ़। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा जिला रायगढ़ द्वारा शनिवार को विकासखण्ड खरसिया के ग्राम बरगढ़ में शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कौर चौबे एवं जिला संगठक भोजराम पटेल के स्वयं उपस्थित रहे, जिनके निर्देशन एवं प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत के अनुभवी मार्गदर्शन व सहायक प्राध्यापक एवं रासेयो के कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र पाल दर्शन की अगुआई में जबरदस्त उत्साह देखा गया। शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई। स्वयंसेवकों ने जोशीले नारों के साथ समाज में जागरूकता का संदेश दिया। परियोजना कार्य के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने स्थानीय सार्वजनिक परिसर एवं स्थलों आस-पास सफाई अभियान चलाया। नाली और सोखता गड्ढों का निर्माण कर उन्होंने स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित किया और स्वयंसेवकों ने भी नशा मुक्त समाज और युवा विषय पर अपने विचार रखे। परिचर्चा में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। साथ ही मुख्य अतिथि के रूप मनोज त्रिपाठी एवं गांव के वृद्धजन पंचगण व आमजनों का जमावड़ा आयोजन पंडाल के चहुं ओर खचाखच भरा रहा। सुबह परियोजना कार्य व जल पान के बाद दोपहर को बौद्धिक परिचर्चा हुई और रात तक लोक नृत्य-संगीत की महफिल में सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहे। इस दौरान प्रयोगशाला तकनीशियन पी पी.एस. सिदार एवं संलग्न अधिकारी कर्मचारियों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए नशा मुक्ति अनिवार्य है। नशे से होने वाली सामाजिक, आर्थिक और मानसिक परेशानियों पर प्रकाश डालते हुए सभी को नशा त्यागने की शपथ दिलाई। उन्होंने नशा मुक्त समाज बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि यही राष्ट्र के विकास की नींव है। समाज और राष्ट्र की प्रगति तभी संभव है जब युवा नशे से दूर रहें।

## शिविर: छात्रों ने नशा मुक्ति का संदेश दिया



एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर विद्यार्थी व शिक्षक।

भास्कर न्यूज | खरसिया

शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय कॉलेज, जोबी बर्रा, विकासखंड खरसिया, जिला रायगढ़ में 17 से 23 फरवरी तक सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर हुआ। शिविर की थीम नशा मुक्त समाज के लिए युवा रही।

सात दिनों तक अलग-अलग समय पर कई गतिविधियां और बौद्धिक कार्यक्रम हुए। हाई स्कूल प्रांगण, सिद्धेश्वर नाथ मंदिर, वैष्णो देवी मंदिर और प्राइमरी स्कूल परिसर की साफ-सफाई प्रमुख गतिविधियों में शामिल रही। समापन दिवस की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शिखा रविंद्र गबेल थीं। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों ने मां सरस्वती, छत्तीसगढ़ महतारी और स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर दीप जलाकर और पुष्प अर्पित कर की। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और अतिथियों का स्वागत पुष्पवर्षा से किया। मुख्य अतिथि ने छात्रों से पढ़ाई के प्रति जागरूक रहने और समय का सदुपयोग करने की बात कही। कार्यक्रम का आभार नारायण पटेल, शाला विकास समिति अध्यक्ष बरगढ़, ने व्यक्त किया। सभी ने कॉलेज प्राचार्य रविंद्र कुमार थवाईत और शिक्षकों को आयोजन की सफलता के लिए धन्यवाद दिया।

# जोबी कॉलेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

रायगढ़। सोमवार को शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. रविंद्र कौर चौबे, जिला संगठक भोजराम पटेल के दिशा निर्देश एवं प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत के मार्गदर्शन व सहायक प्राध्यापक एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी सुरेन्द्र पाल दर्शन के नेतृत्व में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर का समापन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। जिसकी मुख्य थीम- नशा मुक्त समाज के लिए युवा रही।




समापन समारोह में अतिथियों में रविन्द्र गबेल, हितेश गबेल, भूपेन्द्र वर्मा, ओम प्रकाश राठौर, बजरंग सिदार, पीताम्बर, आलोक शर्मा, नारायण पटेल, अभिषेक अग्रवाल, छंदराम राठिया, पंकज राठिया व मनमोहन राठिया सहित स्थानीय आमजन भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन हेतु प्रेरक उद्बोधन दिया। अतिथियों ने शिविरार्थियों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और सांस्कृतिक चेतना का विकास करते हैं।

इस दौरान समापन दिवस पर सात दिनों के अभ्यास और गतिविधियों का पुनरावलोकन किया गया। रंगोली प्रतियोगिता, गीत-संगीत प्रस्तुति और स्थानीय लोकनृत्य ने वातावरण को जीवंत बना दिया। शिविरार्थियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। शिविर में अनुशासन, सेवा भावना और सामूहिक सहयोग के साथ-साथ मुख्य आव्हान नशा मुक्ति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम अधिकारी श्री दर्शन की अगुआई में इस शिविर के दौरान विद्यार्थियों ने न केवल सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया, बल्कि सामाजिक सेवा, स्वच्छता अभियान और सामुदायिक सहयोग जैसे कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई। सात दिनों तक चले इस आयोजन ने विद्यार्थियों में नशे को जड़ से मिटाने आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत किया। विद्यार्थियों के अनुसार महाविद्यालय में आयोजित यह सात दिवसीय विशेष शिविर विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव साबित हुआ। रंगोली, गीत-संगीत और लोकनृत्य जैसे कार्यक्रमों ने जहाँ सांस्कृतिक विविधता में भी नशा मुक्ति की ओर प्रयास को उजागर किया, वहीं सेवा और अनुशासन ने उनके व्यक्तित्व को निखारने का अवसर दिया। प्राचार्य और कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सम्पन्न यह शिविर महाविद्यालय की शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपरा को और सुदृढ़ करता है। इस प्रकार, शिविर ने विद्यार्थियों को शिक्षा, संस्कृति और सेवा का संगम प्रदान किया और महाविद्यालय के गौरव को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। उल्लेखनीय है कि इस पूरे आयोजन में सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्राम इकाई के अधिकारी योगेन्द्र कुमार राठिया, प्रयोगशाला तकनीशियन पीएस सिदार एवं एलआर लास्कर व कर्मचारी रानू चंद्रा एवं महेश सिदार का योगदान सराहनीय रहा।

सु. पा. दर्शन
रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी
शहीद वीर नारायणसिंह शास. महाविद्यालय
जोबी - बर्रा, विकासखण्ड - खरसिया
जिला - रायगढ़ (छ.ग.)

सरपंच
ग्राम पंचायत बरगढ़
वि.खं.
जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

Principal
Shahid Veer Narayan Singh Govt. College
Jobi-Barra, Dist - Raigarh (C.G.)